Web: www.uttaranchaldeep.com
Email-uttaranchaldeep@gmail.com



सूर्यास्त
उत्तराखण्ड में बुधवार
सायं 7:04 बजे



सूर्योदय
उत्तराखण्ड में गुरुवार
सुबह 5:32 बजे

सांध्य दैनिक
# उत्तरांचल दीप
सबके हाथ सच के साथ



हल्द्वानी वर्ष 16 अंक 44 पृष्ठ 4 मूल्य 1.00 रु. बुधवार, 31 जुलाई 2024

करिश्मा कपूर ने सलमान, शाहरुख ...पेज-3 पर

News कॉर्नर

### अज्ञात कारणों से फांसी के फंदे पर झूला युवक

**हल्द्वानी।** अज्ञात कारणों के चलते एक युवक ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली। युवक की मौत से परिजनों में कोहराम मचा हुआ है। बताया जा रहा है कि युवक विदेश में काम करने के लिए जाने वाला था। युवक द्वारा आत्मघाती कदम उठाए जाने से परिजन भी हैरान हैं। गुजरौड़ा फतेहपुर निवासी मनीष भट्ट पुत्र स्व. प्रकाश चंद्र बीती रात खाना खाने के बाद अपने कमरे में सोने चला गया। सुबह जब उसका चचेरा भाई उसे चाय देने के लिए आया। उसे आवाज भी लगाई लेकिन अंदर से कोई प्रतिक्रिया नहीं आई तो उसने खिड़की खोलकर देखा तो उसने मनीष को पंखे से लटका हुआ देखा तो उसके होश उड़ गए। आनन फानन में दरवाजा तोड़ कर उसे एसटीएच ले जाया गया जहां डाक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। मनीष के पिता की भी करीब चार साल पहले मौत हो चुकी है और वह यहां अपनी मां और चाचा के साथ रहता था। युवक द्वारा आत्मघाती कदम उठाए जाने से परिजनो में कोहराम मचा हुआ है।

### घर के बाहर खड़ी बाइक चुराई

**हल्द्वानी।** घर के बाहर खड़ी बाइक वाहन चोर ने पार कर ली। वाहन स्वामी ने बाइक बरामद के लिए पुलिस से गुहार लगाई है। सुहेल अहमद पुत्र नईम अहमद निवासी वार्ड नंबर 15 किदवई नगर ने बनभूलपुरा थाने में शिकायत दर्ज कराई है कि उसने अपनी बाइक संख्या यूके04 एए 0569 को अपने घर के पास खड़ा किया था। कुछ देर जब वह वापस आया तो उसकी बाइक गायब थी। उसने आसपास खोजा भी लेकिन बाइक का पता नहीं चला। उसने पुलिस से बाइक बरामदगी की गुहार लगाई है।

## आज और कल उत्तराखंड में भारी बारिश का रेड अलर्ट

**देहरादून**
हमारे संवाददाता

मौसम वैज्ञानिकों ने आज और कल तेज बारिश के दौरान अधिक सतर्क रहने की हिदायत दी है। साथ ही कहा कि इस दौरान संवदेनशील इलाकों में भी जाने से बचें।

उत्तराखंड के अधिकतर जिलों में दो दिन भारी बारिश की आशंका है। मौसम विज्ञान केंद्र की ओर से आज देहरादून समेत टिहरी, नैनीताल, पौड़ी, हरिद्वार, ऊधमसिंह नगर और चंपावत जिले में बारिश का रेड अलर्ट जारी किया गया है। इसके अलावा अन्य जिलों में भी कई दौर की तेज बारिश की चेतावनी जारी की गई है। मौसम विज्ञान केंद्र के निदेशक बिक्रम सिंह ने बताया कि 31 जुलाई और एक अगस्त को भारी बारिश होने के आसार हैं। हिदायत देते हुए कहा, इस दौरान पर्वतीय जिलों में यात्रा करने से बचें। इसके अलावा



**मौसम**
- तीन जिलों में बंद रहेंगे स्कूल

भूस्खलन और संवेदनशील इलाकों में दिन के साथ रात के समय में भी सतर्कता से रहे। बुधवार को देहरादून, टिहरी और नैनीताल जिले के विद्यालयों में अवकाश घोषित किया गया है। भारी बारिश को देखते हुए जिला प्रशासन की ओर से सभी आंगनबाड़ी केंद्रों और स्कूलों में अवकाश की घोषणा की गई है। वहीं, हरिद्वार में कांवड़ यात्रा के चलते पहले ही स्कूल बंद हैं।

राज्य में दो दिवसीय शोक

## वायनाड में भूस्खलन से मौतों का आंकड़ा 150 के पार, 128 घायल

**नई दिल्ली/वायनाड**
एजेंसी

केरल के वायनाड जिले में मंगलवार को मेप्पाडी के पास विभिन्न पहाड़ी इलाकों में भूस्खलन ने भारी तबाही मचा दी। इस प्राकृतिक आपदा के कारण अबतक 150 लोगों की मौत हो चुकी है, जबकि 128 घायल है। वहीं सेना का राहत व बचाव कार्य जारी है।

वायनाड के डब्लूआईएमएस अस्पताल में भूस्खलन में घायल हुए लोगों का इलाज चल रहा है। वायनाड भूस्खलन में 150 लोगों की मौत के बाद राज्य में दो दिवसीय शोक के मद्देनजर केरल सरकार सचिवालय में राष्ट्रीय ध्वज आधा झुका हुआ है। राज्य स्वास्थ्य विभाग और स्थानीय पुलिस ने बताया कि केरल की स्वास्थ्य मंत्री वीना जॉर्ज की गाड़ी मलप्पुरम जिले के मंजेरी के पास एक दुर्घटना का शिकार हो गई। वह वायनाड की यात्रा कर रही थी। उन्हें मामूली चोटें आई हैं और उनका इलाज मंजेरी मेडिकल कॉलेज में किया जा रहा है। प्रादेशिक सेना की 122वीं इन्फैंट्री बटालियन के सैनिक बचाव अभियान के दूसरे दिन की तैयारी कर रहे हैं। आज लोगों को अस्थायी आश्रय से निकालकर एक स्थानीय स्कूल में ले जाया जाएगा। कांग्रेस नेता प्रियंका गांधी और राहुल गांधी का वायनाड दौरा टल गया है। उन्होंने जानकारी दी थी कि वे कल यानी मंगलवार को वायनाड जाना चाहते थे, लेकिन खराब मौसम और लगातार बारिश के कारण दौरा नहीं कर पाए।



### भारी बारिश का रेड अलर्ट

वहीं मौसम विभाग के अनुसार वायनाड में आने वाले कुछ दिन और खराब हो सकते हैं। मौसम विभाग ने वायनाड के लिए भारी बारिश का रेड अलर्ट जबकि पड़ोसी मलप्पुरम, कोझिकोड और कनूर जिलों के लिए ऑरेंज अलर्ट जारी किया है। तेज बारिश के कारण बचाव अभियान प्रभावित हो सकता है।

## काठगोदाम में धराशायी पेड़ एक महीने में पुनर्जीवित हुआ

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

नैनीताल रोड चौड़ीकरण में धराशायी हुआ सालों पुराना पाखड़ का पेड़ पुनर्जीवित हो गया है। प्रशासन के प्रयास से इस पेड़ को काठगोदाम नारीमन चौराहे से ट्रांसप्लांट कर गंगापुर कबड़वाल में लगाया गया था।

शहर में 13 चौराहों के सौंदर्यीकरण के साथ ही सड़कों को चौड़ा किया जा रहा है। इसकी जद में आ रहे पाखड़, नीम आदि प्रजाति के 40 विशालकाय पेड़ प्रशासन ने चिह्नित किया है। वहीं इन पेड़ों को सुरक्षित रखने के लिए पर्यावरण प्रेमियों की मांग पर प्रशासन व लोनिवि ने काठगोदाम नारीमन चौराहे पर तेज आंधी से टूटकर निर्जीव हो चुके सालों पुराने पाखड़ के पेड़ को हल्दूचौड़ गंगापुर में बन रही गौशाला की जमीन में ट्रांसप्लांट किया था।

यह पेड़ अब पुनर्जीवित हो चुका है, इसमें हरी पत्तियां निकलनी शुरू हो गई हैं। इस बीच सिटी मजिस्ट्रेट एपी वाजपेयी ने पेड़ों को ट्रांसप्लांट करने की पूरी प्रक्रिया की जानकारी देते हुए कहा कि सड़क चौड़ीकरण की जद में आ रहे 40 पेड़ों को ट्रांसप्लांट के जरिए नया जीवन देने का प्रयास किया जा रहा है।



## अराजकता का अड्डा बना रोडवेज स्टेशन

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

रोडवेज बस स्टेशन अराजक तत्वो का अड्डा बनकर रह गया है। रातभर यहां पर शराबी हुड़दंग काटते रहते हैं लेकिन इनकी अराजकता पर अंकुश लगाने वाला कोई नहीं है। नशेड़ियों के आतंक से बाहरी क्षेत्रों को जाने वाले यात्री भी परेशान हैं। बीती रात रोडवेज स्टेशन के पास खरीददारी करने आए एक युवक के साथ चार-पांच नशेड़ियों ने मारपीट कर दी। जिससे मौके पर अफरा तफरी मच गई। घटना की सूचना के एक घंटे बाद पुलिस मौके पर पहुंची और मारपीट कर रहे युवकों का पुलिस एक्ट में चालान कर दिया। स्थानीय लोगों का कहना है कि यहां पर रात में लगने वाली दुकानों की आड़ में अराजकता

**आफत**
- बाहरी क्षेत्रों को जाने वाले यात्री भी परेशान

ज्यादा होती है। कुछ लोग चाय पीने के बहाने यहां पर पहुंचते हैं तो कुछ लोग नशा करने के लिए यहां पहुंच जाते हैं और इसके आद शुरू होता है अराजकता का माहौल। इन अराजक तत्वों द्वारा महिलाओं से छेड़छाड़ की वारदातें भी सामने आ रही हैं जिस कारण से बाहरी क्षेत्रों में बस से सफर करने के लिए आ रही महिलाएं भी खुद को असुरक्षित महसूस कर रहीं हैं। अराजक तत्वों की कारस्तानी पर अंकुश लगाने के लिए पुलिस भी कदम नही उठा रही हैं जिस कारण से रोडवेज बस स्टेशन पर अराजकता दिन पर दिन बढ़ती जा रही है।

## दुष्कर्म के आरोपी को फांसी की सजा देने को लेकर प्रदर्शन

**हल्द्वानी**
हमारे संवाददाता

मंगल पड़ाव से संगीत क्लास के लिए ऑटो में बैठी, 16 वर्षीय नाबालिग बच्ची की ओर से द्वितीय पक्ष ऑटो चालक नदीम पुत्र निवासी लाइन नंबर 5 बनभूलपुरा द्वारा, उसपर आरोप है कि ऑटो में बैठने पर एमबी इंटरकॉलेज से आगे सुनसान में ले जाकर उसके साथ दुष्कर्म किया।

परिवार को बताने पर जान से मारने की धमकी दी गयी। इसी संदर्भ में गऊ रक्षक जोगेन्द्र राणा जोगी के नेतृत्व में गऊ रक्षकों ने हल्द्वानी एसडीएम कोर्ट में दुष्कर्म के आरोपी नदीम को फांसी देने हेतु प्रदर्शन किया तथा सिटी मजिस्ट्रेट को ज्ञापन दिया। ज्ञापन में हल्द्वानी, बनभूलपूरा में रह रहे एवं कार्य कर रहे बाहरी मुस्लिमों का सत्यापन करने एवं नैनीताल रोड, बरेली रोड में नियमों के विरुद्ध चल रहे ऑटो चालकों के डी. एल, परमिट की जांच करने की मांग की गई, गऊ रक्षक जोगेन्द्र राणा जोगी ने कहा कि इन मुस्लिमों द्वारा पूर्व में भी हल्द्वानी शहर में लव जिहाद, गऊतस्करी, हिन्दू बच्चियों के बलात्कार, हिन्दू बच्चियों के अपहरण, नशे की तस्करी, थाने में आगजनी, एवं अन्य बहुत से अमानवीय कृत्य किये गए है द्य जो की अत्यंत ही चिंताजनक है, ऐसे लोग समाज के लिए एक बहुत बड़ा खतरा हैं। दुष्कर्म के दोषी बनभूलपुरा निवासी ऑटो चालक का घर भी दहाने का कार्य प्रशासन द्वारा तत्काल किया जाना चाहिए, जिससे समाज में ऐसा हैवानियत कृत्य करने वालों को एक सन्देश मिले। जिससे इनके द्वारा किये जा रहे, ऐसे अमानवीय कृत्य दुबारा ना हो सके। राणा ने कहा बार-बार हिन्दू समाज के साथ ही ऐसा क्यों हो रहा है, यदि प्रशासन द्वारा इन सभी मामलो को गंभीरता से लेकर जल्द कारवाही नहीं की गयी तो हिन्दू समाज हिन्दू महुमूल्य छेत्रो में इनको दुकान मकान नहीं लेने देंगे द्य उसके पश्चात् हम अपनी बहन बेटियों की रक्षा सुरक्षा स्वयं करेंगे। फिर इसमें जो भी हानि होती हे उसकी सम्पूर्ण जिम्मेदारी शासन प्रशासन की होगी। जोगिंदर राणा,चंदन मलहरा देव बिष्ट दीपांशु पोखरिया, भुवन जोशी, सुरेश सिंह,करण जयसवाल, मुकेश कुमार, प्रदीप उप्रेती, नीलांबर कांडपाल, तरुण सक्सेना, जगदीश देवरी, एवं सैकड़ो गौसेवक उपस्थित रहे।



# कुमाऊं विवि में दो दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का समापन

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

कुमाऊं विश्वविद्यालय के डीएसबी परिसर के ए.एन.सिंह प्रेक्षागृह में चल रहे दो दिवसीय दीक्षारंभ कार्यक्रम का मंगलवार को समापन हो गया। समापन दिवस के मौके पर विद्यार्थियों के लिए कई रोचक व आकर्षक कार्यक्रम आयोजित किए गए।

बता दें कि समापन समारोह में अतिथि के रुप में आमंत्रित संयुक्त निदेशक उत्तराखंड प्रसासनिक अकादमी डॉ. महेश कुमार ने छात्र-छात्राओं को सोशल मीडिया में ज्यादा समय बर्बाद ना करने की सलाह दी, उन्होंने डिजायर, डिसिप्लिन, डिटरमिनेशन और डेडीकेशन को सफलता का मंत्र बताया,जबकि उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार ने छात्रों को अपने विवेक का सही इस्तेमाल करने और उचित दिशा की ओर बढने् की सलाह दी वहीं कुमाऊं विवि के कुलपति प्रो. दीवान सिंह रावत ने कहा कि विद्यार्थी अपनी ऊर्जा का सकारात्मक प्रयोग करें ,बोले कि



विद्यार्थी देश का भविष्य हैं जो देश व प्रदेश को विकास में आगे ले जाते हैं, कहा कि किसी भी विद्यार्थी को यदि कुछ दिक्कत है तो मुझे सीधे संपर्क कर सकते हैं। कुलपति ने इस दौरान विद्यार्थियों से कुमाऊंनी भाषा में भी बात की। दीक्षारंभ में डीन प्रो. चित्रा पांडे, प्रो. सूची बिष्ट, प्रो. ललित तिवारी,डॉ. महेश आर्य,डॉ. सीमा चौहान तथा शुभम विश्वकर्मा ने भी विवि के विभिन्न प्रकोष्ठों के बारे में जानकारियां दी। समापन समारोह में भूमिका,रक्षिता,राहुल तथा मनीष ने फीड बैक दिया। इससे पूर्व समारोह में परिसर प्रशासन की ओर से सभी अतिथियों का पुष्प गुच्छ तथा शॉल ओढाकर तथा प्रतीक चिन्ह देकर सम्मानित किया जबकि निदेशक प्रो. नीता बोरा शर्मा ने परिसर परिवार की ओर से सभी का स्वागत किया तथा प्रो. गीता तिवारी ने कार्यक्रम की रिपोर्ट प्रस्तुत की। कार्यक्रम का सफल संचालन निदेशक विजिटिंग प्रोफेसर तथा कार्यवाहक डीएसडब्ल्यू प्रो. ललित तिवारी ने किया। कार्यक्रम को सफल बनाने में प्रो. नीलू लोधियाल, प्रो. सुषमा टम्टा, डॉ. लज्जा भट्ट, डॉ. रीना सिंह, डॉ. दीपिका पंत, डॉ. ह्रदेश




कुमार, डॉ. आंचल, डॉ भूमिका प्रसाद, शोध छात्रा स्वाति जोशी, डॉ. दीपाक्षी जोशी, डॉ. रितेश साह, आभा, अनीशा, आयशा, भावना, दीपू बिष्ट, कुंदन, अजय,रितेश तथा गणेश आदि का विशेष योगदान दिया। दीक्षारंभ समारोह में आयोजित विभिन्न प्रतिस्पर्धाओं के विजेताओं को अतिथियों की ओर से प्रमाण पत्र व स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित किया गया। मेंहदी प्रतियोगिता में निहारिका व अंजली, प्रार्थना व पोस्टर में सागर व अलीमा जबकि निबंध में श्रेया,सौम्या,प्रिया व वंशिका जब कि गीत में रवीना,अक्षु,सिद्धि जबकि कविता पाठ में दीपांशु,चेतना व मनीष वहीं एक्सटेंपोर में राहुल,धनिष्ठा तथा रक्षिता जब कि क्विज में राहुल,दीपांशु तथा साकेत ने क्रमश: प्रथम,द्वितीय व तृतीया पुरुस्कार प्राप्त किया। इसके अलावा दीक्षारंभ को सफल बनाने में लगी पूरी टीम को भी कुलपति प्रो.रावत द्वारा प्रशस्ति पत्र व स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। प्रतियोगिताओं का संचालन डॉ. लज्जा भट्ट,डॉ.ऋचा गिनवाल, डॉ. मनीषा सांगुडी,डा. निधि वर्मा तथा डॉ. सारिका वर्मा तथा डा. सरोज शर्मा में अहम योगदान दिया।

## दहेज हत्या के आरोपी को दोषमुक्त करार

**नैनीताल।** चार साल पुराने दहेज हत्या के आरोपी को जिला न्यायालय ने दोषमुक्त करार दिया है। जानकारी के मुताबिक दीपक कुमार ने जून 2020 में भवाली निवासी अपनी बहन प्रीति की दहेज हत्या का आरोप अपने जीजा पर लगाया था जिसके चलते पुलिस ने आरोपी जीजा मोहन कुमार को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश किया जहा से आरोपी को न्यायालय ने जेल भेज दिया। मामले की जांच तत्कालीन पुलिस क्षेत्राधिकारी ने की, आरोपी चार वर्ष से नैनीताल जेल में ही बंद है। इस दौरान मामले की सुनवाई जिला न्यायालय में लगातार जारी रही मंगलवार को जिला जज सुबीर कुमार ने आरोपी को दहेज हत्या सहित अन्य धाराओं में दोष मुक्त करार दिया। मामले में कुल 12 गवाह पेश किए गए थे बचाव पक्ष की तरफ से अधिवक्ता सुभाष जोशी ने मामले में पैरवी करते हुए न्यायालय के सामने साक्ष्य व गवाह पेश किए जिसमे बचाव पक्ष की तरफ से कुल 4 गवाह पेश किए गए जिसमें आरोपी की चार साल की बेटी भी शामिल रही वही अभियोजन की तरफ से कुल 9 सरकारी गवाह पेश किए गए।



## एक राज्य एक पंचायत चुनाव की मांग को लेकर धारी में तालाबंदी

**धारी**

हमारे संवाददाता

उत्तराखण्ड में एक राज्य एक पंचायत चुनाव को लागू करने की मांग को लेकर पंचायत प्रतिनिधियों ने मंगलवार को धारी में धरना प्रदर्शन व तालाबंदी की। विकासखण्ड धारी के प्रधान संगठन अध्यक्ष किशन सिंह बिष्ट की अगुवाई में पंचायत प्रतिनिधियों ने डीएम नैनीताल के माध्यम से प्रधानमंत्री व मुख्यमंत्री ज्ञापन भेजा है । ज्ञापन में कहा है हरिद्वार को छोड़ शेष 12 जिलों में त्रिस्तरीय पंचायत चुनाव 2024-25 में प्रस्तावित है ।पंचायत प्रतिनिधियों ने कहा वर्ष 2019 में कोविड महामारी के दौरान 2 वर्ष का कार्यकाल प्रभावित रहा इस दौरान कोई भी विकास कार्यों के लिये बजट नही मिला। अत: इन दो वर्षों के पंचायत प्रतिनिधियों कार्यकाल में नही जोड़ा जाये। पंचायत प्रतिनिधियों ने उत्तराखण्ड के 12 जनपदों के त्रिस्तरीय पंचायत हरिद्वार जनपद के साथ कराये जाने की मांग केन्द्र व राज्य सरकार से की है । इस मौके पर ग्राम प्रधान संगठन धारी अध्यक्ष किशन सिंह, राजेन्द्र सिंह बिष्ट ग्राम प्रधान गजार, गंगा सिंह डंगवाल ग्राम प्रधान सुनकिया , लाल सिंह ग्राम प्रधान मझेड़ा , रेखा बिष्ट, रेखा आर्या आदि धारी क्षेत्र के पंचायत प्रतिनिधि मौजूद रहे ।

# जानलेवा हमला करने के मुख्य आरोपी की जमानत खारिज की

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

मंगलवार को एक वृद्ध व्यक्ति पर जानलेवा हमला करने के मुख्य आरोपी की जमानत खारिज कर दी है। अभियोजन पक्ष के अनुसार 2 सितम्बर 2023 को थाना मुक्तेश्वर में गौरव पाण्डे पुत्र बद्रीदत्त पाण्डे निवासी आनन्द निवास माल रोड तल्लीताल नैनीताल हाल निवासी छत्तरपुर दिल्ली ने रिपोर्ट दर्ज करायी कि अभियुक्त गौरव सिंह बिष्ट व सह अभियुक्त कमल गौड़ उर्फ कम्मो पुत्र हरक सिंह ग्राम सतबूंगा, मुक्तेश्वर ने उस के पिता बद्रीदत्त पाण्डे के साथ 22 अगस्त 2023 को कश्यालेख मुक्तेश्वर में जानलेवा हमला कर गंभीर चोटें पहुंचायी जिससे बद्रीदत्त पाण्डे बेहोश हो गये।

बद्रीदत्त पाण्डे का इलाज सुशीला तिवारी अस्पताल में 22 अगस्त को चला जिन्हें बेहतर इलाज हेतु दिल्ली अस्पताल रेफर किया । आरोपी गौरव बिष्ट की जमानत अर्जी पर मंगलवार को हुई सुनवाई के दौरान जिला शासकीय अधिवक्ता (फौजदारी) सुशील कुमार शर्मा ने जमानत का विरोध करते हुए तर्क रखा कि एक वृद्ध व्यक्ति को दो लोगों ने गम्भीर चोटें पहुंचाई, अभियुक्त गौरव बिष्ट पूर्व से ही आपराधिक प्रवृत्ति का व्यक्ति रहा है, अभियुक्त के विरूद्ध थाना हल्द्वानी एवं पंतनगर में पूर्व से ही धारा 302 तथा 201 भा0द0सं0 के मामले एवं थाना मुक्तेश्वर में अपनी पत्नी की दहेज हत्या के मामले दर्ज चले आ रहे हैं।

अभियुक्त द्वारा बद्रीदत्त पाण्डे जो कि 70 वर्ष से अधिक उम्र का एक वृद्ध व्यक्ति हैं को जान से मारने की नियत से हमला किया है। जिला एवं सत्र न्यायाधीश नैनीताल सुबीर कुमार द्वारा चुटेल की मेडिकल रिपोर्ट तथा अभियुक्त गौरव बिष्ट के पूर्व आपराधिक को देखते हुए उसका जमानत प्रार्थना पत्र खारिज कर दिया।

## NEWS / फटाफट

### टैक्सी चालक से की पर्यटकों मारपीट

**नैनीताल।** नगर के तल्लीताल क्षेत्र में मंगलवार को टैक्सी चालक ने सडक़ पर खड़े पर्यटकों को किनारे हटने को कहा तो विवाद हो गया। इस दौरान पर्यटकों ने वाहन चालक की पिटाई की तो सडक़ पर जमकर हंगामा हो गया। बाद में पुलिस ने मामले को शांत कर चार लोगों के खिलाफ चालानी कार्रवाई की। जानकारी के अनुसार नैनीताल निवासी सुनील कुमार मंगलवार सुबह अपनी टैक्सी बैक कर रहे थे। इस दौरान सडक़ पर खड़े कुछ पर्यटकों को उन्होंने किनारे हटने को कहा तो पर्यटक किनारे हटने के बजाय उससे उलझ गए। कहासुनी के दौरान पर्यटकों ने टैक्सी चालक को पीट दिया। यह देख मौके पर अन्य टैक्सी चालकों भी धक्का मुक्की शुरू कर दी। इस दौरान हंगामें व मारपीट के चलते सडक़ पर जाम लग गया। ड्यूटी पर तैनात पुलिसकर्मियों ने किसी तरह दोनों पक्षों को शांत किया और थाने लेकर पहुंचे। एसआई भावना बिष्ट ने बताया कि मारपीट करने पर दिल्ली निवासी शुभम, मनीष बोहरा, ज्योति बोहरा और नैनीताल निवासी सुनील कुमार के खिलाफ पुलिस एक्ट में चालानी कार्रवाई की गई है।

### लड्डू बनाने का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया

**नैनीताल।** कृषि विज्ञान केन्द्र ज्योलीकोट की ओर से मंगलवार को ग्राम गेठिया, चौपड़ा, दांगड एवं देवलढ़ूंगा के महिला स्वयं सहायता समूहों की बीस महिलाओं को मंडुवे के पौष्टिक लड्डू बनाने का एक दिवसीय प्रशिक्षण दिया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम में केन्द्र की ओर से प्रशिक्षित मास्टर ट्रैनर मंजू देवी ने मंडुवे के लड्डू बनाने का प्रशिक्षण दिया। इस दौरान डा0 सुधा जुकारिया एवं डा0 शशि तिवारी ने मोटे अनाजों की पौष्टिक गुणवत्ता समेत दैनिक आहार में मोटे अनाजों के प्रयोग के आसान तरीके तथा लड्डू बनाते वक्त बरती जाने वाली सावधानियां तथा संरक्षण के बारे में जानकारी दी। केन्द्र के प्रभारी अधिकारी डा सी. तिवारी ने मोटे अनाजों से उत्पाद बनाकर स्वयं सहायता समूहों को आयोपार्जन का कार्य करने की जानकारी दी। इस दौरान डा.बलवान सिंह, डा. कंचन नैनवाल, डा. वीके विमल कुमार शर्मा, कमला सत्यपाल, महिपाल चन्द्र लोहनी तथा गोविन्दी आदि लोग मौजूद थे।

### रक्तदान शिविर का आयोजन

**नैनीताल ।** नैनीताल बैंक ने अपने 103वें स्थापना दिवस के अवसर पर मंगलवार को राजकीय बी. डी. पांडे जिला अस्पताल में रक्तदान शिविर का आयोजन किया। इसके तहत बैंक कर्मचरियों द्वारा रक्तदान तथा रक्त दान हेतु जागरूकता संदेश लोगो को दिया गया साथ ही साथ अस्पताल में फल वितरण भी किया गया। इस अवसर पर जिला अस्पताल के पीएमएस डॉ.तरुण कुमार टम्टा, सामाजिक कार्यकत्री डॉ. सरस्वती खेतवाल, बैंक के मुख्य वित्त अधिकारी महेश कुमार गोयल, संजय गुप्ता, राजेश भट्ट,मनोज डालाकोटी, विजेता कपिल आदि लोग मौजूद रहे तथा बैंक के 25 कर्मचारियों द्वारा रक्तदान किया गया। इसके पश्चात बैंक द्वारा शहर के प्राथमिक स्कूल में बैग एवं पुस्तकों का वितरण किया गया। इस अवसर पर बैंक के मुख्य परिचालन अधिकारी डॉ दीपक पंत एवं वरिष्ठ कार्यपालक राहुल प्रधान मौजूद रहे।

### डॉ. हरीश चंद पंत ने कार्यभार ग्रहण किया



**नैनीताल।** जिले के नव नियुक्त मुख्य चिकित्साधिकारी डॉ. हरीश चंद पंत ने मंगलवार को अपना कार्यभार ग्रहण कर लिया। कार्यभार ग्रहण करने के बाद उन्होंने कहा कि जिले के ग्रामीण क्षेत्रो में स्वास्थ्य सुविधाओं को बेहतर बनाना उनकी पहली प्राथमिकता रहेगी। डा.पंत ने कहा कि दूरस्थ क्षेत्रों में चिकित्सकों के आवासों का जीर्णोद्धार व नए आवासों का निर्माण करना अति आवश्यक है जिससे डॉक्टरों को दूर से आना जाना नहीं पडेगा और इससे ग्रामीणों को भी डॉक्टरों की कमी नहीं खलेगी। कहा कि दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों के अस्पतालों में तैनात डॉक्टरों के लिए आवास की सुविधा नहीं है और जहां है भी तो वह भी ठीक स्थिति में नहीं हैं जिसके चलते डॉक्टरों को दूर से आना जाना पड़ता है इससे कई बार आपातकाल की स्थिति में मरीजों को प्राथमिक उपचार भी नहीं मिल पाता है।डा.पंत ने कहा कि सरकार तथा विभाग की ओर से चलाए जा रहे राष्ट्रीय कार्यक्रमों का अधिक से अधिक व्यापक प्रचार प्रसार किया जाएगा जिससे अधिक से अधिक लोग उन कार्यक्रमों का लाभ उठा सकें।

## अपराधों को लेकर संरक्षण अधिनियम पर जागरुकता शिविर

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

उत्तराखंड राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के दिशा निर्देश अनुसार जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा सैनिक स्कूल घोड़ाखाल में मंगलवार को किशोर न्याय एवं लैंगिक अपराधों से बालकों का संरक्षण अधिनियम के विषय पर जागरुकता शिविर का आयोजन किया गया।

इस दौरान शिविर में मुख्य अतिथि निदेशक उत्तराखण्ड न्यायिक एवं विधिक अकादमी हरीश गोयल रहे। जिनके द्वारा बताया गया की बालक देश का भविष्य हैं, बालकों को कानून की जानकारी होना अत्यंत महत्वपूर्ण है,देश के बालक जागरूक होंगे तभी उज्वल भारत की कामना कर सकते हैं, बताया गया कि बालकों का हित सर्वोपरि है,भारत के संविधान में बालको के अधिकारों को संरक्षित किया गया है। वही एडिशनल डायरेक्टर उजाला तरुण द्वारा पोक्सो एक्ट के विषय पर महत्वपूर्ण जानकारियां दी,अधिनियम के अंतर्गत



प्रावधानित अपराध एवं अन्य विषय पर जागरूक किया गया , ज्वाइंट डायरेक्टर मोहम्मद यूसुफ द्वारा किशोर न्याय अधिनियम पर संपूर्ण जानकारी दी गई।

विधि विवादित किशोर एवं चाइल्ड इन नीड ऑफ केयर एंड प्रोटेक्शन के विषय पर कार्यशाला में जागरूक किया गया। जागरूकता शिविर का संचालन सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण बीनू गुलयानी द्वारा किया गया तथा उनके द्वारा जिला विधिक सेवा प्राधिकरण की कार्य प्रणाली एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण द्वारा प्रदान की जा रही निश्शुल्क सेवाएं एवं बालको के लिए उपलब्ध नालसा योजनाओं के विषय पर संपूर्ण जानकारी दी गई ।

हरेला महोत्सव के अंतर्गत वृक्षारोपण कार्यक्रम भी किया गया पर्यावरण के महत्व तथा पौधारोपण उसके संरक्षण के बारे में भी बताया गया। इस दौरान कार्यशाला में सैनिक स्कूल के प्रधानाचार्य कप्तान विजय डंगवाल , डा. शालिनी मिश्र समेत अन्य लोग मौजूद रहे।

**नोट**

समाचार पत्र में छपे लेख, पत्र व अन्य कालमों में लेखकों के विचार होते हैं, उनसे संपादक का सहमत होना आवश्यक नहीं है।
-संपादक

**पूर्व प्रधान संपादक:**
**स्व. वेदप्रकाश गुप्ता**
स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक
**श्रीमती आदेश अग्रवाल** द्वारा
उत्तरांचल दीप प्रेस
चंद्रकाता हाउस, नैनीताल रोड
हल्द्वानी से मुद्रित एवं प्रकाशित
**संपादक- श्रीमती आदेश अग्रवाल**
**प्रबंध संपादक- साकेत अग्रवाल**
दूरभाष : 05946-224556
फैक्स:05946-283801
e-mail: Uttaranchaldeep@gmail.com
www.dainikuttaranchaldeep.com
**आरएनआई नं. UTTHIN/ 2009/ 32558**
समस्त विवाद हल्द्वानी न्यायालय के अधीन होंगे।
संस्थापक: स्व. मुन्ना बाबू राजपूत

# अभिमत

## फर्जीवाड़े का जाल

***फर्जीवाड़े का खुलासा आसान नहीं है। एक तरह से राज्य सरकार ने हाथ खड़े कर दिये हैं। हाईकोर्ट में सरकार का पक्ष रखते हुए कहा गया है कि राज्य के 80 प्रतिशत शिक्षकों के दस्तावेजों की जांच की जा चुकी है। शेष 20 प्रतिशत शिक्षक ऐसे हैं, जिन्होंने राज्य से बाहर के संस्थानों से शिक्षा प्राप्त कर शैक्षिक योग्यता हासिल की है। इनमें जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश में रुहेलखंड विश्वविद्यालय आदि संस्थान शामिल हैं। सरकार ने राज्य से बाहर के संस्थानों के दस्तावेजों की जांच में देरी होने की बात कही है। जांच में देर होने पर भी दस्तावेजों का सत्यापन होना असंभव प्रतीत हो रहा है। फर्जीवाड़ा उजागर होने पर बिना मान्यता प्राप्त फर्जी संस्थान बंद कर दिये जाते हैं।***

*हाईकोर्ट ने उत्तराखंड सरकार से प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में फर्जी दस्तावेजों के आधार पर नियुक्ति पाने के आरोप में घिरे सभी शिक्षकों के दस्तावेजों का दो माह में सत्यापन कर रिपोर्ट पेश करने को कहा है। स्टूडेंट वेलफेयर सोसायटी द्वारा दायर याचिका में कहा गया है कि राज्य के प्राथमिक और उच्च प्राथमिक विद्यालयों में करीब साढ़े तीन हजार शिक्षक जाली दस्तावेजों के आधार पर फर्जी तरीके से नियुक्त हुए हैं। कुछ शिक्षकों के मामले की एसआईटी जांच की गई है। पृथक उत्तराखंड राज्य का गठन होने से पहले बिना मान्यता प्राप्त संस्थानों से बीटीसी और बीएड करने के बाद हजारों अभ्यर्थियों की शिक्षक के पद पर नियुक्ति की शिकायत आई थी। उत्तराखंड राज्य बनने के बाद मेरठ और कुछ अन्य जिलों में बीएड कराने वाले संस्थानों की बाढ़ सी आ गई थी। शिक्षा के क्षेत्र में कथित माफिया कक्षा में नियमित अध्ययन किये बिना परीक्षा की औपचारिकता पूर्ण करके बीएड की डिग्री दिला दिया करते थे। उत्तराखंड में बहुत से संस्थानों की डिग्रियों को अमान्य घोषित किया गया था। दस साल तक शिक्षक के तौर पर कार्यरत कई लोगों के दस्तावेज फर्जी पाये जाने पर सेवा समाप्त की जा चुकी है। फर्जीवाड़े का खुलासा आसान नहीं है। एक तरह से राज्य सरकार ने हाथ खड़े कर दिये हैं। हाईकोर्ट में सरकार का पक्ष रखते हुए कहा गया है कि राज्य के 80 प्रतिशत शिक्षकों के दस्तावेजों की जांच की जा चुकी है। शेष 20 प्रतिशत शिक्षक ऐसे हैं, जिन्होंने राज्य से बाहर के संस्थानों से शिक्षा प्राप्त कर शैक्षिक योग्यता हासिल की है। इनमें जम्मू कश्मीर, उत्तर प्रदेश में रुहेलखंड विश्वविद्यालय आदि संस्थान शामिल हैं। सरकार ने राज्य से बाहर के संस्थानों के दस्तावेजों की जांच में देरी होने की बात कही है। जांच में देर होने पर भी दस्तावेजों का सत्यापन होना असंभव प्रतीत हो रहा है। फर्जीवाड़ा उजागर होने पर बिना मान्यता प्राप्त फर्जी संस्थान बंद कर दिये जाते हैं। शिक्षा माफिया पहचान और नाम बदलकर अन्य स्थान पर नया फर्जी संस्थान खोल लेते हैं। रुहेलखंड विश्वविद्यालय तो दशकों से कायम है, उसकी डिग्री का सत्यापन संभव है, लेकिन बिना मान्यता प्राप्त जिन संस्थानों को बंद कर दिया गया है, उनकी डिग्री का सत्यापन नहीं किया जा सकता है। मेरठ, अलीगढ़ और बिहार में अनेक फर्जी विश्वविद्यालय एक कमरे में एक व्यक्ति खुद को स्वयंभू कुलपति बताकर डिग्री बेचते रहे हैं। शिक्षा माफिया कई बार पकड़े जा चुके हैं। न्यायालय में मुकदमे लम्बित हैं। जेल से जमानत पर छूटने के बाद पुनः धंधा शुरू कर देते हैं। उत्तराखंड के शिक्षा विभाग में शिक्षक और फिर अधिकारी बनने वाले व्यक्ति के दस्तावेजों पर कई बार सवाल उठे, परन्तु वह सेवारत है। फर्जीवाड़े के तार राजनीति से जुड़े होने से इन्कार नहीं किया जा सकता है।*

# भूस्खलन से कई मकानों में दरार, दहशत में लोग

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



जिला मुख्यालय नैनीताल के समीपवर्ती भूमियाधार ग्राम सभा के भूमियाधार तथा खूपी गांवों में हो रहे भूस्खलन की वजह से दोनों गांवों के कई मकानों में दरारें पड़ रही है जिससे दोनों गांवों के लोग दशहत में हैं। दूसरी ओर मामले को गंभीरता से लेते हुए उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में सिंचाई विभाग के अफसरों ने दोनों गांवों का बारिकी से निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने ग्रामीणों से भी मामले को लेकर विस्तार से जानकारी हासिल की।



बता दें कि गांव के नीचे बह रहे नाले की वजह से लगातार भू कटाव हो रहा है। भूस्खलन से ग्रामीणों की करीब सौ नाली भूमि अब तक भूस्खलन में समा चुकी है। गांव में हो रहे भूस्खलन से अधिकांश घरों में बड़ी.बड़ी दरारें पडऩे लगी है। घरों में पड़ी दरार के चलते करीब आधा दर्जन से अधिक परिवार गांव छोडक़र दूसरे सुरक्षित स्थान पर में चले गए हैं। मामले में ग्रामीणों ने कई बार शासन,प्रशासन व जनप्रतिनिधियों को भी जानकारी दी लेकिन अभी तक कोई सार्थक हल नहीं निकल पाया है। यहां पर यह बताना भी जरुरी होगा कि खूपीगांव नैनीताल की तलहटी समेत बलियानाले से लगता हुआ है जिस गांव में लगातार भूस्खलन हो रहा है जिससे अब नैनीताल के अस्तित्व पर भी बड़ा खतरा मंडरा रहा है। खूपीगांव के ठीक ऊपर आर्मी कैंट एरिया और आलूखेत गांव है जिन पर सबसे ज्यादा भूस्खलन का खतरा मंडरा रहा है।

विधायक सरिता आर्या का कहना है कि भूस्खलन प्रभावित क्षेत्र का पूर्व में मेरे द्वारा अधिकारियों के साथ निरीक्षण किया गया है। कहा कि सिंचाई विभाग के द्वारा गांव में हो रहे भूस्खलन से निपटने के लिए डीपीआर बनवाई जा रही है जल्द ही गांव के सामने उत्पन्न खतरे पर काम शुरू हो जाएगा। इस बीच मंगलवार को उप जिलाधिकारी प्रमोद कुमार के नेतृत्व में सिंचाई विभाग के अधिकारियों ने भूस्खलन से प्रभावित दोनों गांवों का निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने प्रभावित ग्रामीणों से भी मामले को लेकर कई जानकारियां हासिल की।

## अल्मोड़ा में छह सड़कों पर आवाजाही ठप

**अल्मोड़ा।** जिले में बारिश के बाद बंद सड़कें लोगों की दिक्कत बढ़ा रही हैं। मलबा और बोल्डर गिरने से छह सड़कों पर आवाजाही ठप होने से 30 से अधिक गांवों का संपर्क कट गया है। वाहनों की आवाजाही ठप होने से गांवों में राशन सहित अन्य दैनिक जरूरत के सामान की आपूर्ति चरमरा गई है। ऐसे में 13 हजार से अधिक की आबादी परेशान है। जिले में बारिश के बाद रानीखेत-रामनगर-खैरना हाईवे पर पुल बहने से बीते 20 दिन से आवाजाही ठप है। वहीं, मलबा और बोल्डर गिरने से अल्मोड़ा-सेराघाट, सौराल-पनुवाद्यौखन, पंतगांव-सिमलधार, मंगलता-त्रिनैली और भांगादेवली-मेरगांव सड़कें भी बंद हैं।

**सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मैंने अपना नाम SID-HARTH ARORA से बदलकर SIDDHARTH ARORA रख लिया है। अत: भविष्य में मुझे SID-DHARTH ARORA नाम से जाना पहचाना जाए। - सिद्धार्थ अरोरा पुत्र स्व0 सत्य पाल अरोरा, 428, हिमालया फार्म, बरेली रोड, हल्द्वानी (नैनीताल)

# कुमाऊं विवि में महत्वपूर्ण विषय पर व्याख्यान

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता



नैनीताल सरोवर नगरी में कुमाऊं विश्वविद्यालय के समाजशास्त्र विभाग की विभागाध्यक्ष प्रोफेसर ज्योति जोशी के नेतृत्व में प्रोफेसर जे0पी0 भट्ट (हेमवती नंदन बहुगुणा गढ़वाल केंद्रीय विश्वविद्यालय) के साथ एक महत्वपूर्ण विषय पर व्याख्यान का आयोजन किया गया। इस व्याख्यान का विषय जीवन कौशल- अभिवृत्ति और प्रेरणा (लाइफ स्किल्स- एटिट्यूड एंड मोटिवेशन) था। इस दौरान प्रोफेसर पी. एस. बिष्ट (संकायाध्यक्ष, कला संकाय), प्रोफेसर अर्चना श्रीवास्तव, डॉ0 प्रियंका नीरज रुवाली, तथा डॉ0 उर्वशी पाण्डेय (एमबीजीपीजी कालेज) की विशिष्ट उपस्थिति रही। प्रो. भट्ट ने जीवन कौशल- अभिवृत्ति और प्रेरणा पर एक विशेष व्याख्यान दिया। प्रो. भट्ट ने जीवन कौशल की व्यापक और गतिशील प्रकृति पर चर्चा करके सत्र की शुरुआत की। उन्होंने इस बात पर जोर दिया कि जीवन कौशल में कई पहलू शामिल हैं और समग्र विकास के लिए ये महत्वपूर्ण हैं। प्रो. भट्ट ने प्रेरक उदाहरणों के साथ जीवन कौशल के महत्व को समझाया जैसे अरुणिमा सिन्हा- शारीरिक रूप से अक्षम होने के बावजूद, उन्होंने माउंट एवरेस्ट पर चढ़ाई की। विल्मा रूडोल्फ- जिनको बचपन से ही पोलियो था इसके बावजूद वह विश्व रिकॉर्ड बनाने वाली ओलंपिक चैंपियन बनीं। जे.के. राउलिंग- इनको भी कई बार असफलताओं का सामना करना पड़ा लेकिन अपने धैर्य के कारण हैरी पॉटर सीरीज़ में अपार सफलता हासिल की। प्रो. भट्ट ने फिर अभिवृत्ति और प्रेरणा की अवधारणाओं पर विस्तार से बताया, यह समझाते हुए कि वे व्यवहार और व्यक्तित्व को महत्वपूर्ण रूप से आकार देते हैं।

जैसे समाजीकरण, सामाजिक अधिगम, नैतिक मूल्य, आशावाद, लचीलापन, आत्मविश्वास, अनुकूलनशीलता, सकारात्मक आत्म-चर्चा, सार्थक लक्ष्य, कृतज्ञता, दीर्घकालिक प्रेरणा, बर्नआउट पर काबू पाना। इसके बाद प्रो. ज्योति जोशी ने अभिवृत्ति और प्रेरणा की अन्योन्याश्रयता पर विचार व्यक्त किए, उन्होंने बताया कि अभिवृत्ति और प्रेरणा एक ही सिक्के के दो पहलू बताया। उन्होंने संतुलन, आत्मनिरीक्षण और खुद को सकारात्मक प्रभावों से घेरने के महत्व पर जोर दिया।

प्रो. जोशी ने बुद्ध के अंत:प्रज्ञा विचार के साथ समापन किया, जिसमें व्यक्तियों से अपना रास्ता खोजने और अपनी क्षमता को अधिकतम करने पर बल दिया। इस मौके पर विशिष्ट व्याख्यान आयोजन में डॉ सरोज पालीवाल, डॉ अर्शी परवीन, डॉ नवीन राम, डॉ हरिश्चन्द्र मिश्र और सभी शोध एवं स्नातकोत्तर छात्र- छात्राऐं उपस्थित रहे। अंत में प्रो. अर्चना श्रीवास्तव ने सभी का धन्यवाद ज्ञापित किया। मंच संचालन डॉ प्रियंका नीरज रुवाली ने किया।

# फिल्मी दुनिया

## करिश्मा कपूर ने सलमान, शाहरुख और आमिर में बताया अंतर



*करिश्मा कपूर ने बॉलीवुड के दिग्गज अभिनेता सलमान खान, शाहरुख खान और आमिर खान की विशेषता बताई है। उन्होंने उन तीनों के बीच में क्या फर्क है, इस पर भी प्रकाश डाला। आइए जानते हैं करिश्मा कपूर ने तीनों खानों को लेकर क्या कहा? करिश्मा कपूर बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्रियों में से एक हैं। वह उन अभिनेत्रियों में से एक हैं जिन्होंने बॉलीवुड के तीनों खान के साथ काम किया है। बता दें कि करिश्मा ने शाहरुख खान के साथ 'दिल तो पागल है', सलमान खान के साथ 'जुड़वा' और आमिर खान के साथ 'राजा हिंदुस्तानी' में काम किया है। हाल ही में अभिनेत्री ने एक साक्षात्कार में तीनों खानों के साथ काम करने के अनुभव को साझा किया। उन्होंने बताया कि वह तीनों एक-दूसरे से कैसे अलग हैं। बातचीत के दौरान करिश्मा ने सलमान, शाहरुख और आमिर के साथ काम करने के अनुभवों को साझा किया। अभिनेत्री ने कहा, 'हम सभी एक साथ बड़े हुए हैं। मुझे लगता है कि वे सभी बहुत खास हैं और एक-दूसरे से बहुत अलग हैं। उनकी कार्यशैली बहुत अलग है और यही उनकी खासियत है।' करिश्मा ने तीनों अभिनेताओं के खूबियों के बारे में बताते हुए कहा, 'सलमान खान ज्यादा मस्ती करने वाले और मजेदार हैं, लेकिन शॉट के समय वह बहुत गंभीर होते हैं। शाहरुख खान बेहद मेहनती और बहुत उदार अभिनेता हैं। वह आपके साथ बैठेंगे और आपकी लाइनें बोलेंगे, जो कि एक बहुत बढ़िया गुण है।' अभिनेत्री ने आगे कहा, जाहिर है आमिर खान परफेक्शनिस्ट हैं।*

### करिश्मा का वर्क फ्रंट

*करिश्मा कपूर ने 1991 में 'प्रेम कैदी' से अपने बॉलीवुड करियर की शुरुआत की। उसके बाद, उन्होंने 'राजा हिंदुस्तानी', 'हसीना मान जाएगी', 'दिल तो पागल है' और 'जुबैदा' जैसी कई ब्लॉकबस्टर फिल्मों में अभिनय किया। उन्हें आखिरी बार 'मर्डर मुबारक' में देखा गया था। करिश्मा के आगामी कार्यों की बात करें तो वह अभिनय देव के थ्रिलर शो ब्राउन में अभिनय करेंगी, जो जी5 पर रिलीज होगी।*

# संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम का 29वें दिन भी धरना

**नैनीताल**

हमारे संवाददाता

संयुक्त कर्मचारी महासंघ कुमाऊं गढ़वाल मंडल विकास निगम का मंगलवार को 29वें दिन भी देहरादून स्थित एकता विहार में धरना जारी रहा। धरना स्थल पर कर्मचारियों ने पौधारोपण किया।

दूसरी ओर नैनीताल में महासंघ के प्रदेश अध्यक्ष दिनेश गुरुरानी के नेतृत्व में पदाधिकारियों ने कुमाऊं मंडल विकास निगम के प्रबंध निदेशक डॉ. संदीप तिवारी को पौधे के साथ मांग पत्र सौपा साथ ही विस्तार से वार्ता की। इस दौरान गुरुरानी ने प्रबंध निदेशक से देहरादून में सचिव पर्यटन सचिन कुर्वे से हुई वार्ता का ब्यौरा उनके समक्ष रखा। वार्ता के बाद गुरुरानी ने कहा कि प्रबंध निदेशक डा.संदीप तिवारी ने कहा कि संविदा कर्मचारियों की वरीयता सूची बनाई जा रही है। शासन से शासनादेश आते ही कार्रवाई प्रारंभ की जाएगी साथ ही संविदा कर्मचारियों के वेतन बढ़ोतरी के संबंध में सचिव पर्यटन से वह वार्ता करेंगे।

वार्ता में महासंघ के महामंत्री कंचन चंदोला समेत रमेश कपकोटी, गौतम कुमार, पीतांबर दुमका व दीपक पांडे उपस्थित रहे।



## News कॉर्नर

### भुमका में बहुउद्देशीय शिविर 3 अगस्त को

**धारी।** ओखलकाण्डा क्षेत्र ग्राम भुमका में बहुउद्देशीय शिविर 3 अगस्त को होगा जिसमे सभी विभागीय अधिकारी मौजूद रहेंगे। ग्राम प्रधान भुमका मुकेश बौध्द ने बताया दूरस्त क्षेत्र ओखलकाण्डा के भुमका में 3 अगस्त, शनिवार को बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जायेगा। जिला अधिकारी नैनीताल के निर्देश पर 3 अगस्त को वि. ख. ओखलकाण्डा के जूनियर हाईस्कूल भुमका में बहुउद्देशीय शिविर आयोजित किया जा रहा है क्षेत्र के ग्रामीणों से बहुउद्देशीय शिविर का लाभ उठाये। शिविर में स्वास्थ्य, खाद्य पूर्ति , कृषि , विद्युत, पेयजल, समाज कल्याण, उद्यान, राजस्व विभाग से जुडी आदि समस्याएंओ का निस्तारण मौके पर किया जायेगा।

### भाजपा नेता विक्रम अधिकारी को भातृशोक



**हल्द्वानी।** भाजपा उत्तरी मंडल के महामंत्री व पॉलीशिट वार्ड निवासी विक्रम अधिकारी के बड़े भाई पूरन सिंह अधिकारी का बीते मंगलवार को निधन हो गया। उनकी चित्रशिला घाट में अंत्येष्टि की गई। उनके निधन पर भाजपा के वरिष्ठ नेताओं समेत विभिन्न संगठनों से जुड़े लोगों ने शोक जताया है। शोक जताने वालों में भाजपा जिला अध्यक्ष प्रताप बिष्ट, मंडल अध्यक्ष किशोर जोशी, भाजपा नेता निर्मल चम्याल, पॉलीशिट वार्ड के शिव मंदिर कमेटी के अध्यक्ष संजय उपाध्याय, उपाध्यक्ष गोविंद सिंह बिष्ट, पूर्व पार्षद मुन्ना पोखरिया, कैलाश रावत, हरीश अधिकारी, मनु बिष्ट आदि शामिल हैं।

# पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा ने ली मासिक अपराध बैठक

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

जिल के पुलिस कप्तान प्रहलाद नारायण मीणा ने मंगलवार को पुलिस लाईन में जिले के सभी राजपत्रित अधिकारियों, थाना व शाखा प्रभारियों के साथ मासिक अपराध बैठक आयोजित की गई।

बैठक में उन्होंने महिला सुरक्षा के दृष्टिगत विशेष जागरूकता अभियान चलाने के निर्देश दिए साथ ही कहा कि स्कूलों तथा अन्य शिक्षण संस्थानों के आसपास प्रभावी चेकिंग की विशेष व्यवस्था की जाए। कहा कि सभी थाना प्रभारी अपने अपने थानों में जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित करें, पीडितों की समस्याओं का त्वरित समाधान



किया जाय। कहा कि सभी सर्किल ऑफि सर थाना स्तर पर पंजीकृत अभियोगों का फ ॉलो उप करें। विवेचनाओं की प्रभावी समीक्षा की जाए व लंबित विवेचनाओं का त्वरित निस्तारण करें। पुलिस कप्तान मीणा ने सभी सर्किल ऑफि सर समेत थाना प्रभारी जनता के दिलों में पुलिस की सकारात्मक छवि को उजागर करने के लिए नए आयामों को विकसित करने को कहा। कहा कि थाना प्रभारियों की कार्यशैली के आधार पर ही वार्षिक मंतव्य का मूल्यांकन किया जाएगा। कहा कि अभियोग पंजीकरण की कार्यवाही में तेजी लाएं तथा पंजीकृत अभियोगों का त्वरित अनावरण करें। कहा कि अभियुक्तों की गिरफ्तारी की जाय। संपत्ति संबंधित अभियोगों में शत प्रतिशत बरामदगी की जाय। कहा कि जनसामान्य की सुरक्षा हेतु यातायात नियमों का सख्ती से पालन कराएं, यातायात नियमों का उल्लंघन करने वालों के विरुद्ध एमवी एक्ट के तहत चालानी कार्यवाही की जाए इसमें अभियानरत होकर कार्यवाही करें। कहा कि निरोधात्मक कार्यवाहियों में तेजी लाएं, बॉर्डरों तथा सभी संभावित स्थलों पर एसओजी को सम्मिलित कर प्रभावी चेकिंग करें। जुआ, एनडीपीएस एक्ट तथा आबकारी अधिनियम के अंतर्गत अधिक से अधिक कार्यवाही करें। उन्होंने कहा कि वांछित अभियुक्तों की तलाशी करने हेतु टीमें गठित कर गिरफ्तारी सुनिश्चित करें। अभियुक्तों के भौतिक सत्यापन की कार्यवाही की जाए। कहा कि थानों में लंबित मालों का भौतिक सत्यापन कर निस्तारण की कार्यवाही की जाए।

नए कानून के संबंध में सभी थाने जन जागरुकता कार्यक्रम चलाए जाएं। स्थानीय स्वयं सेवी समूहों/संस्थाओं के सहयोग से पोस्टर, बैनर तथा नुक्कड़ नाटक इत्यादि का आयोजन किया जाय। मासिक अपराध बैठक में प्रकाश चंद्र एसपी सिटी हल्द्वानी, हरबन्स सिंह एसपी क्राइम/यातायात समेत सभी क्षेत्राधिकारी व सभी थाना प्रभारी/शाखा प्रभारी मौजूद रहे।

# दमुवाढूंगा में जमीनों की हदबंदी का विरोध, नगर आयुक्त को सौंपा ज्ञापन

**हल्द्वानी**

**हमारे संवाददाता**

दमुवाढूंगा क्षेत्र में मौजूदा सरकारी जमीनों को चिह्नित व हदबन्दी के निर्देश को निरस्त करने की मांग को लेकर नगर आयुक्त को ज्ञापन सौंपा गया। कांग्रेस प्रदेश प्रवक्ता दीपक बल्यूटिया के नेतृत्व में नगर निगम पहुंचे लोगों ने नगर आयुक्त विशाल मिश्रा को ज्ञापन सौंप कहा कि नगर निगम कर्मियों को दमुवाढूंगा क्षेत्र की सरकारी जमीनों को चिन्हित कर तारबाड़ व हदबंदी करने के निर्देश दिये गये हैं लेकिन यह विधि सम्मत नहीं है, इसलिए इस आदेश को निरस्त किया जाना चाहिए। कांग्रेस नेता बल्यूटिया ने कहा कि उत्तराखंड शासन ने 13 मई 2020 को अधिसूचना जारी कर दमुवाढूंगा क्षेत्र में सर्वेक्षण एवं अभिलेख संक्रियाओं को राजपत्र में प्रकाशन की तिथि से बंद कर दिया गया, इस वजह से दमुवाढूंगा क्षेत्र में सर्वेक्षण एवं अभिलेख संक्रियायें बंद हो गई है और बन्दोबस्ती का कार्य बाधित हो गया



है। ऐसे में नगर निगम का दमुवाढूंगा में सरकारी जमीनों का चिन्हिकरण कर तारबाड़ (हदबन्दी) किये जाने सम्बन्धी निर्देश शासन की अधिसूचना का खुला उल्लंघन है। जवाहर ज्योति दमुवाढूंगा क्षेत्र में सर्वेक्षण एवं अभिलेख संक्रियायें बन्द होने से बन्दोबस्ती नहीं हुई है एवं क्षेत्र का राजस्व नक्शा भी बन पाया है। ऐसे में नगर निगम कैसे सरकारी जमीन का चिन्हिकरण कर हदबन्दी की प्रक्रिया कर सकता है। कहा गया कि यह मामला हाईकोर्ट में भी विचाराधीन है। उन्होंने नगर आयुक्त से दमुवाढूंगा में जमीनों की हदबंदी किये जाने संबंधी प्रक्रिया को रोकने की मांग की है। ज्ञापन सौंपने वालों में महेशानंद, जगदीश चन्द्र भारती, प्रभात पाल, वीरेंद्र जग्गी, वसीम अली, मनोज बल्यूटिया, पीयूष बल्यूटिया, विनोद तिवारी, मोहसिन मिकरानी, सैय्यद रेहान, मोहन सनवाल आदि शामिल थे।

# हाईकोर्ट ने मंगल पड़ाव से हटाये गये डेढ़ दर्जन दुकानदारों के वैकल्पिक जगह को लेकर निगम से जवाब मांगा

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

हाईकोर्ट ने हल्द्वानी मंगल पड़ाव से हटाये गये डेढ़ दर्जन दुकानदारों के मामले में नगर निगम से वैकल्पिक जगह मुहैया कराने को लेकर जवाब मांगा है। इस मामले में अब आगामी 6 अगस्त (मंगलवार) को सुनवाई होगी।

मुख्य न्यायाधीश रितु बाहरी और न्यायमूर्ति राकेश थपलियाल की युगलपीठ में पीडित दुकानदारों की ओर से दायर अलग- अलग याचिकाओं पर मंगलवार को सुनवाई हुई। याचिकाकर्ताओं की ओर से कहा गया कि वर्ष 2022 में हल्द्वानी नगर निगम ने एक साथ कार्यवाही कर डेढ दर्जन दुकानदारों को बाहर कर दिया और उनकी दुकानें तोड़ दी। नगर निगम की ओर से उनको सुनवाई का मौका नहीं दिया गया। तीन दिन का



नोटिस देकर चौथे दिन स्वयं नगर निगम ने उनकी दुकानें तोड़ दीं जबकि 05 दुकानदारों के खिलाफ कार्यवाही नहीं की गयी। याचिकाकर्ताओं की ओर से यह भी कहा गया कि नगर निगम की ओर से ही उन्हें फ ूड लाइसेंस उपलब्ध कराया गया था और वह वर्ष 1998 से वहां पर काबिज थे,इससे स्ट्रीट वेंडर एक्ट और उच्चतम न्यायालय के आदेशों का उल्लंघन हुआ है। नगर निगम इस मामले में कोई ठोस जवाब नहीं दे पाया।

# मंदिर परिसर में फूलों के पौधे लगाए

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

**कार्यक्रम**

● मंदिर के पुजारी को देखभाल के लिए सौंपा

आशीर्वाद वूमेन क्लब की ओर से भूमियाधार स्थित श्री हनुमान मंदिर परिसर में विभिन्न फूलों के पौधों को गमलों में रोपित किया गया। पुष्पों में क्रमशः मधु, मालती, गुड़हल, गेंदा, गुलाब व गुलदावरी के फूलों के पौधे रोपित किए गए। क्लब के मुताबिक विगत वर्षों की भांति इन गमलों को मंदिर के पुजारी को देखभाल के लिए सौंप दिया गया। कार्यक्रम में मोनिका साह, रेखा त्रिवेदी, गीता साह, रेखा कंसल, निधि कंसल, वर्षांजलि श्रीवास्तव, मानसी गर्ग व साबी नेगी मौजूद रही।

# फैंसी मोमबत्तियां का प्रशिक्षण के बाद महिलाओं ने किया भ्रमण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

चेष्टा विकास कल्याण समिति द्वारा नाबार्ड के सहयोग से फैंसी मोमबत्तियां का प्रशिक्षण देने के पश्चात समूह की महिलाओं को नैनीताल और उसके आसपास के होटल और होमस्टे में भ्रमण कराया गया।

इस दौरान होटल स्वामियों को अवगत कराया गया कि हमारे द्वारा फैंसी डिजाईनर मोमबत्ती का निर्माण हो रहा है और निवेदन किया गया कि वह हमसे मोमबत्तियां खरीद सकते हैं। होटल सिस वैली के मैनेजर मनोज द्वारा उत्पाद को देखा गया और आश्वासन दिया गया अपने स्टाफ के साथ बात करके जरूर आपको आर्डर दिए जाएंगे साथ ही उनके द्वारा यह भी बताया गया कि कभी कोई पार्टी होती है तो उसे दौरान आपको बुलाकर आपके उत्पादों का डिस्प्ले किया जाएगा। कार्यक्रम अधिकारी मुकुल



कुमार द्वारा बताया गया कि इस तरह की मार्केटिंग के लिए नैनीताल व नैनीताल के आसपास भीमताल, नौकुचियाताल तथा कैंची धाम में संपर्क किया जा रहा है जिससे महिलाओं की एक अच्छी आमदनी हो सके।

# पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार विद्यालय में पौधरोपण

**नैनीताल**

**हमारे संवाददाता**

नैनीताल के प्रतिष्ठित पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार नैनीताल, विद्यालय में विद्यालय के प्रबंधक श्याम जी अग्रवाल तथा प्रधानाचार्य डॉ. सूर्य प्रकाश ने ''रूद्राक्ष'' के पौधे का रोपण किया। विद्यालय के प्रबंधक श्याम अग्रवाल ने इस अवसर पर सभी को संदेश देते हुए कहा कि ''एक वृक्ष मां के नाम'' और दूसरा ''वृक्ष सरस्वती विहार परिवार के नाम'' समर्पित हैं। आगे आपने कहा यदि मां नहीं है तो परिवार भी नहीं है इसलिए पहला वृक्ष मां के नाम समर्पित है तथा मां से ही परिवार की संकल्पना जन्मती है । इसलिए दूसरा वृक्ष पार्वती प्रेमा जगाती सरस्वती विहार के नाम समर्पित हैं। विद्यालय के प्राचार्य डॉ0 सूर्य प्रकाश ने कहा कि ''एक वृक्ष सत्पुत्र समाना'' इसलिए प्रेमा जगाती



सरस्वती विहार परिसर में जिन भी वृक्षों का पौधा रोपण होता है, उनकी सम्हाल करने के लिए भी प्रेमा जगाती सरस्वती विहार परिवार कृत संकल्पित हैं।आज के इस पौधरोपण कार्यक्रम में डॉ0 माधव प्रसाद सनातनी, रजत कुमार सिंह, पवन कुमार जोशी, अतुल पाठक, राहुल कुमार सिंह, निर्दोष कुमार शर्मा, निपेन्द्र कुमार सिंह, कौशल कुमार शाक्य आदि थे।

कार्यालय अधिशासी अभियन्ता,
उत्तराखण्ड जल संस्थान, हल्द्वानी
दूरभाष कार्यालय/फैक्स : 05946-220776 ई-मेल : [illegible]@gmail.com

पत्रांक : 226/निविदा/148 — **निविदा सूचना** — दिनांक : 30.07.2024

मुख्य महाप्रबन्धक उत्तराखण्ड जल संस्थान, देहरादून की ओर से उत्तराखण्ड जल संस्थान/उत्तराखण्ड पेयजल निगम में विद्युत/यांत्रिक कार्यों में पंजीकृत फर्मों/अनुभवी ठेकेदारों/फर्मों से दरें दिनांक 16 अगस्त, 2024 की सायं 03.00 बजे तक टेण्डर बाक्स/पंजीकृत डाक के माध्यम से आमंत्रित की जाती हैं जो उसी दिन सायं 3.30 बजे उपस्थित ठेकेदारों अथवा मनोनीत प्रतिनिधि द्वारा निविदादाताओं अथवा उनके प्रतिनिधियों की उपस्थिति एवं अनुपस्थिति दोनों दशाओं में खोली जायेगी।

निविदा फार्म दिनांक 31 जुलाई, 2024 की पूर्वान्ह 10.00 बजे से दिनांक 14 अगस्त, 2024 की सायं 5.00 बजे तक किसी भी कार्यालय दिवस में खण्ड कार्यालय से क्रय किये जा सकते हैं। डाक द्वारा निविदा प्रपत्र मांगे जाने पर ₹ 100.00 अतिरिक्त देय होगा किन्तु डाक द्वारा निविदा मंगाये जाने पर विलम्ब से पहुँचने वाली निविदा के लिये विभाग उत्तरदायी नहीं होगा। विवरण निम्नानुसार है-

| निविदा संख्या | योजना/कार्य का विवरण | निविदा प्रपत्र का मूल्य | निविदा धरोहर राशि |
|---|---|---|---|
| 05/ 2024-25 | शाखान्तर्गत निम्न व्यास के कॉलम पाइपों की पम्प/मोटर सहित सिंकिंग लोवरिंग का कार्य। (i) 80 एम०एम० व्यास (ii) 100 एम०एम० व्यास (iii) 125 एम०एम० व्यास (iv) 150 एम०एम० व्यास | Rs.500.00+ 90.00 (GST 18%)= 590.00 | ₹ 25000.00 |

नोट:- शर्तें निविदा प्रपत्र के अनुसार मान्य होंगी, जो कभी भी कार्यालय दिवस में देखी जा सकती हैं तथा उपरोक्त निविदा सूचना में यदि कोई संशोधन किया जाता है तो संशोधित निविदा सूचना कार्यालय के नोटिस बोर्ड पर चस्पा की जायेगी तथा संशोधित सूचना का प्रकाशन समाचार पत्र में भी किया जायेगा।

"जल बचाओ जीवन बचाओ"

अधिशासी अभियन्ता